'A part of your daily life'

# UFLEX LIMITED

*(Formerly Known as Flex Industries Limited)*

**Division/Office:** CORPORATE - SECRETARIAL
**Corporate Office:** A-107-108, Sector-IV, Distt. Gautam Budh Nagar, NOIDA - 201301, (U.P.), India
**Tel.:** +91-120-4012345/2522558 **Fax:** +91-120-2442903
**Website:** www.uflexltd.com **E-mail ID:** flexsec@vsnl.net

UFLEX/SEC/2016/

February 25, 2016

The National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No.C/l, G-Block
Bandra-Kurla Complex
Bandra (E),
Mumbai – 400051

**Scrip Code : UFLEX**

The BSE Limited
Corporate Relationships Department
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building, P J Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai – 400 001

**Scrip Code : 500148**

Re : **Postal Ballot – Newspaper Advertisement**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47(3) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of Newspaper Advertisements published in "The Pioneer" ("Hindi and English language") intimating the Members about the completion of dispatch of Postal Ballot Notice and e-voting information.

This is for your information and records please.

Thanking you,

Yours faithfully,
For UFLEX LIMITED

(Ajay Krishna)
Sr. Vice President (Legal) &
Company Secretary

*Encl : As above*

## ...ों पर खड़ी

सवार मौके से फरार हो गया। उपचार के लिए शशि आनंद को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान शशि आनंद ने दम तोड दिया। इस संबंध में मृतक के पुत्र संतोष कुमार ने अज्ञात बाईक सवार के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना कर मृत्यु करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

### एक ट्रक अवैध शराब जब्त दो गिरफ्तार

**आज** जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप यादव के निर्देशन में जनपद गौतमबुद्ध नगर की आबकारी टीम ने पलवल. टप्पल रोड पर ग्राम झुप्पा के निकट अवैध शराब पकडा है। साथ ही 2 शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। आज दोनों ट्रक से अवैध शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किये गए। ट्रक में भारी मात्रा में शराब बरामद हुई है जिसके संख्या लगभग 1500 पेटी ब्रांड गोवा प्रीमियम व्हिस्की, अरूणाचल प्रदेश होने का अनुमान। जब्त शराब की कीमत लगभग 75 लाख रु बताई जा रही है। फिलहाल जेवर पुलिस के साथ मिलकर आबकारी विभाग की कार्यवाही जारी है।

### ट्रन्सपोर्टर पर गोली चलाई

**अज्ञात** बदमाशो ने एक बार फिर दी पुलिस के इस्तकबाल को चुनौती। आज जारचा कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने दिनदहाडे एनटीपीसी दादरी स्थित एक कंपनी के सामने कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। बताया जा रहा है कि बगैर नंबर की सफेद स्विफ्ट गाडी में सवार होकर बदमाश आये थे। दादरी सीओ अनुराग सिंह ने बताया कि पीडित दीपक जैन का ततारपुर में ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय है। पूछताछ में पीडित ने बताया कि बदमाशों ने तीन राउंड फयरिंग की थी। जिसमे ट्रांसपोर्टर बाल बाल बच गया। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। पीडित की तहरीर पर अज्ञात बदमाशो के खिलाफ मामल दर्ज कर लिया गया है।

### और जब एसएसपी ने स्वयं खींची काली फिल्म लगी कार की फोटो

**नोएडा** में यातायात नियमों को तोड़ने वालों की अब खैर नहीं। आम आदमी से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी तक सड़क चलते आपके द्वारा किसी भी नियम की अनदेखी को अपने मोबाइल में कैद कर आप पर कार्यवाही का कारण बन सकते हैं। इसी क्रम में एक बानगी बुधवार को उस वक्त देखने को मिली,जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा नोएडा ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर काली फिल्म लगी एक गाड़ी की फोटो भेज कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निर्देश मिलने के बाद यातयात विभाग हरकत में आया और मौके पर जा पंहुचा,लेकिन मौके पर उक्त गाड़ी नहीं मिली। आस.पास पता करने पर यातयात कर्मियों को जानकारी हुई कि उक्त गाड़ी स्वर्ण सिंह निवासी सैक्टर 43 की है,जो सेक्टर 18 में एक संस्थान चला रहे हैं। यातयात विभाग ने तत्काल प्रभाव से वाहन स्वामी की संपूर्ण जानकारी हासिल कर उसे हिदायत दी कि वो तत्काल काली फिल्म उतार कर वाहन का फोटो व्हाटस एप पर भेजें अन्यथा उनके विरुद्ध बैधानिक कार्यवाही की जायेगी। विभाग की कार्यवाही और तत्परता और सख्ती देख वाहन स्वामी ने तुरंत कार से काली फिल्म उतरवाकर कार की फोटो पुलिस को पोस्ट कीं। जाहिर है कि अब पुलिस विभाग से लेकर यातयात विभाग तक की तत्परता और कार्यशैली से शहर की यातायात व्यवस्था चर्चा का विषय बनी हुई है। आलम यह है कि नोएडा गेट से लेकर नोएडा के विभिन्न चौराहों और सड़कों पर दिन भर चल रहे चेकिंग अभियान आदि का भी यातायात पर सकारात्मक असर हो रहा है।


## पशिचमांचल विद्युत वितरण निगम लि०

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खण्ड के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी प्रतिष्ठित पंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मों/ठेकेदार से मुहरबन्द निविदा दो भागों में प्रपत्र पूर्ण रूप से भरे हुये सील बन्द लिफाफों में जिस पर निविदा का कार्य, निविदा सूचना संख्या तथा निविदा संख्या स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये, आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक **01.03.2016** को 14:00 बजें तक प्राप्त की जायेगी और उसी दिन 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। यदि उस दिन अवकाश हुआ तो ये निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगीं। निविदा के प्रथम भाग में अनुभव प्रमाण–पत्र एवं सेवाकर विभाग, आयकर विभाग, श्रम विभाग के पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं विद्युत कार्य करने हेतु पैन कार्ड आदि वांछित प्रपत्र एवं धरोहर राशि जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0, सी0डी0आर0, बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत विरतण खण्ड–द्वितीय, लोनी, गाजियाबाद के पक्ष में बंधक हो। निविदा के द्वितीय भाग में दरें व शर्तें होनी चाहिए। **निविदा का प्रथम भाग पूर्ण न होने पर द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा,** निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **29.02.2016** तक 11 बजे प्रातः से 17 बजे तक सायः तक नगद भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.pvvnl.org** पर भी उपलब्ध है। सभी विस्तृत नियम शर्तें तथा निविदादाता की समर्थता इत्यादि उसमें देखी जा सकती है। यदि डाउनलोड किये गये प्रपत्र में कोई कमी पायी जाती है, तो कार्यालय में उपलब्ध प्रपत्र ही प्रमाणिक माने जायेंगे।

**अल्पकालीन निविदा सं0 97/कार्य/वि0वि0खं0–द्वितीय/लोनी/2015–16:** विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, लोनी के क्षेत्रान्तर्गत बकाया राजस्व की वसूली हेतु 1 नग डीजल चालित वाहन (चालक सहित) रखे जाने का कार्य। धरोहर राशि रु0 1000.00। निविदा मूल्य रु0 570.00 वैट सहित।

हं/–
**(सुरेश चन्द)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय**
**लोनी गाजियाबाद।**

**पंत्राक 448/वि0वि0ख0–द्वितीय/लोनी/गाब0बाद/विज्ञापन**
**दिनांक: 17/02/2016**

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**



## UFLEX यूफ्लैक्स लिमिटेड

*'A part of your daily life'*

**CIN : L74899DL1988PLC032166**

**रजिस्टर्ड ऑफिस :** 305, तीसरी मंजिल, भानोट कॉर्नर, पाम्पोष एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048, **फोन :** +91-11-26440917, 26440925, **फैक्स :** +91-11-26216922
**वेबसाईट :** www.uflexltd.com, **इमेल :** flexsec@vsnl.net

### सूचना

एतद्द्वारा शेयरधारकों को सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई, के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 22 (उनके किसी सांविधिक संशोधन अथवा पुनर्अधिनियमन जो अस्थायी रूप से लागू है, के सहित) के तहत, कम्पनी दिनांक 02–02–2016 की प्रभावी तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए कम्पनी के पूर्ण–कालिक निदेशक के रूप में श्री अमिताव रे (Amitava Ray) (डीआईएन00184143) की नियुक्ति के संबंध में उनकी सहमति प्राप्त करने हेतु डाक मतदान की सूचना डाक मतपत्र सहित उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मेल के माध्यम से, जिनकी ई–मेल आईडी डिपॉजिटरीज के रिकार्ड में दिनांक 19 फरवरी, 2016 (विच्छेदन तिथि) को पंजीबद्ध हैं तथा डाक मतपत्र, अपना पता लिखा डाक खर्च पूर्व प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफे के साथ उन सभी शेयरधारकों (अर्थात जिनकी ई–मेल आईडी पंजीबद्ध नहीं है) उसी तिथि को, भौतिक विधि से भेजने का कार्य मंगलवार, 23 फरवरी, 2016 को पूरा कर चुकी है।

कम्पनी ने इसके शेयरधारकों को ई–वोटिंग सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाएं अनुबंधित की हैं। शेयरधारकों से नोट करने का अनुरोध है कि भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक दोनों साधनों से वोटिंग बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2016 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा शुक्रवार, दिनांक 25 मार्च, 2016 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। विधिवत भरे गए डाक मतपत्र संवीक्षक के पास 25 मार्च, 2016 को या पूर्व कार्य समाप्ति के समय (अप. 5.00 बजे) तक पहुंच जाने चाहिए। उसके बाद प्राप्त डाक मतपत्र शेयरधारकों से अनुत्तरित माने जाएंगे।

शेयरधारक यदि चाहे, डुप्लीकेट डाक मतपत्र के लिए अनुरोध कर सकता है। तथापि, विधिवत भरे गए डाक मतपत्र संवीक्षक के पास डाक मतपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात शुक्रवार, 25 मार्च, 2016 को अप. 5.00 बजे तक पहुंच जाने चाहिए।

डाक मतदान के परिणाम की घोषणा मंगलवार, 29 मार्च, 2016 को अप. 5.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय 305, तृतीय तल, भनोट कॉर्नर, पाम्पोश एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश–I, नई दिल्ली–110048 में की जाएगी। परिणामों की सूचना कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में तथा इसके कार्पोरेट कार्यालय ए–108, सेक्टर–4, नोएडा–201301 में सूचना पट के माध्यम से करने के अलावा स्टाक एक्सचेन्जेज को दी जाएगी। परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.uflexltd.com पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

डाक मतदान अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों से वोटिंग के संबंध में कोई जिज्ञासा/शिकायत की स्थिति में शेयरधारकों से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (लीगल) एवं कम्पनी सेक्रेटरी से ए–108, सेक्टर–4, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश में सम्पर्क करने का अनुरोध है ; फोन : 0120–4012345 ; ई–मेल : flexsec@vsnl.net

**बोर्ड के आदेश द्वारा**
**वास्ते यूफ्लैक्स लिमिटेड**
हस्ता./-
**अजय कृष्ण**
वरि. वी.पी. (लीगल) एवं कम्पनी सचिव
ACS No.3296
पताःसी-115,सेक्टर-26, नोएडा-201301

स्थान : नोएडा
तिथि : 24.02.2016



...-110002. से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा,


Pionee 25/2/16 (H)